मल्टीमीडिया एसोसिएट

इंडिया डेवलेपमेंट रिव्यू (आईडीआर) सामाजिक बदलाव और फिलैंथ्रॉपी से जुड़े विचारों और अनुभवों को सामने लाने वाला एशिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र ज्ञान मंच है। हम विकास सेक्टर में काम कर रहे लोगों की चुनौतियों और अनुभवों को प्रकाशित करते हैं ताकि असल मुद्दों पर विश्वसनीय और स्पष्ट संवाद को बढ़ावा मिल सके।

हम जमीनी कहानियों, फोटो-निबंधों, एक्सपलेनर, कैपेसिटी बिल्डिंग और हल्का-फुल्का जैसे विविध फीचर्स के जरिये सेक्टर और समाज से जुड़ी कहानियों को अलग-अलग अंदाज़ में प्रस्तुत करते हैं। हमारा उद्देश्य कठिन विषयों को भी ऐसी भाषा में कहना है, जो पाठकों के लिए सहज और समझने योग्य हो।

भूमिका के बारे में

आईडीआर हिन्दी में **मल्टीमीडिया एसोसिएट** के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। मल्टीमीडिया एसोसिएट का काम हमारे मल्टीमीडिया प्रोडक्शन को बढ़ाना होगा। उनका प्रमुख काम हमारी टारगेटेड ऑडियंस को आकर्षित करने के लिए अलग, सूचनाओं से भरपूर और दिलचस्प सामग्री तैयार करना होगा। मल्टीमीडिया एसोसिएट की जिम्मेदारियों में, मल्टीमीडिया पिचों का मूल्यांकन करने के अलावा कॉन्टेंट एडिटिंग, ग्राफ़िक्स और एनिमेशन बनाना और अलग-अलग तरह के वीडियो तैयार करना शामिल होगा। उन्हें डिजिटल स्टोरीटेलिंग, यूज़र एक्सपीरियंस और ग्राफ़िक्स के सभी प्रकारों की जानकारी होनी चाहिए।

आइडीआर में मल्टीमीडिया हमारी रणनीति का बड़ा हिस्सा है। हम ऐसे मल्टीमीडिया एसोसिएट की तलाश में हैं जो संपादकीय काम को समझता हो और वेबसाइट व सोशल मीडिया की गहरी समझ रखता हो। हम चाहते हैं कि उम्मीदवार हमारे पहले से मौजूद लिखित कंटेन्ट को मल्टीमीडिया में बदलने के लिए नए तरीके आज़माए, और एआई व नई तकनीकों को सीखने व अपनाने के लिए भी तैयार हो।

मुख्य जिम्मेदारियां:

- कहानियों की सोर्सिंग और पिचिंग।
- मल्टीमीडिया कहानियों को पहचानना, चुनना और उन्हें तैयार करना।
- विभिन्न सॉफ़्टवेयर्स का उपयोग करके वीडियो, ग्राफिक्स, एनिमेशन और स्टिल इमेजेज बनाना।
- वीडियो, ऑडियो, ग्राफिक्स, एनिमेशन और कभी-कभी स्टिल इमेजेस की एडिटिंग करना।
- मल्टीमीडिया कॉन्टेंट के लिए स्क्रिप्ट लिखना।
- आईडीआर हिंदी की शैली के विकास और प्रबंधन के लिए संपादकीय टीम के साथ काम करना।
- आईडीआर हिंदी के मल्टीमीडिया प्रोडक्शन को बेहतर बनाने के लिए नई तकनीक और तरीके खोजना, उन्हें अपनाना।
- मल्टीमीडिया कॉन्टेंट के प्रस्तुतीकरण की शैली तय करने के लिए आईडीआर हिंदी टीम के साथ काम करना।

- प्लेटफ़ॉर्म पर कॉन्टेंट प्रकाशित करना।

आपके लिए यह भूमिका उपयुक्त है, यदि:

- आप सामाजिक बदलाव से जुड़े मुद्दों में गहरी दिलचस्पी रखते हैं।
- आपके पास इन्फोग्राफिक्स, एनीमेशन वीडियो, स्टिल मोशन वीडियो और अन्य मल्टीमीडिया सामग्री विकसित करने के लिए कैनवा, डूडल मेकर, इन्फोग्राफिक, वायॉन्ड, एडोब या ऐसे अन्य सॉफ्टवेयर जैसे सॉफ्टवेयर का मजबूत ज्ञान है।
- आपको प्रोजेक्ट मैनेजमेंट की सही समझ है, जिसमें काम को उचित तरीकों से व्यवस्थित करना, जोखिमों की पहचान, संसाधनों का सही इस्तेमाल, तय समय में काम पूरा करना और दबाव में भी अच्छी तरह काम करना शामिल है।
- आपके पास एक पोर्टफोलियो है जो रचनात्मक कहानी कहने की तकनीकों और प्रभावी संचार कौशल की ठोस समझ प्रदर्शित करता है।
- आप स्वतंत्र रूप से काम करने तथा आलोचनात्मक चिंतन की क्षमता रखते हैं।
- आपके पास कॉलेज डिग्री है, हिन्दी कम्यूनिकेशन या पत्रकारिता के क्षेत्र में मल्टीमीडिया सामग्री तैयार करने का 4 से 6 साल का अनुभव है।

आवेदन कैसे करें:

रुचि रखने वाले उम्मीदवार hindi@idronline.org पर अपना सीवी और पोर्टफोलियो या औडियो/विडिओ सैम्पल हमें मेल कर सकते हैं। कृपया विषय पंक्ति (Subject) में 'Multimedia Associate: Application' अवश्य लिखें।

ध्यान रहे कि आपका सैम्पल ऐसा नहीं हो जिसको किसी अन्य के द्वारा संपादित किया गया हो। चुने जाने पर आपको एक छोटा असाइनमेंट पूरा करने के लिए कहा जाएगा, उसके बाद इंटरव्यू होगा।

इस पद का वेतनमान 6 से 7 लाख रुपए प्रति साल तक जा सकता है। वेतन का निर्णय आवेदक के अनुभव के आधार पर तय होगा।

आवेदन की अंतिम तिथि: 28-फरवरी, 2026